September-November 2025, Edition -1 Vol-02

# TJCM Govt. College Sujanpur Tihra


## Arjikuja Cascade

SEPTEMBER-NOVEMBER 2025





Trimonthly E-Newsletter of TJCM Govt. College Sujanpur Tihra,H.P.





# Message of Principal

It gives me immense pride and joy to extend my heartfelt appreciation to all the students, faculty members, coordinators, and supporting staff who have contributed to the successful organization of various activities. Our college has always believed in nurturing holistic development, and this year's events have once again reflected the enthusiasm, creativity, and dedication of our vibrant campus community.

The participation of students—whether in academics, sports, cultural programs, innovation projects, or community outreach initiatives—has been truly remarkable. Each activity has offered a platform for students to discover their talents, showcase their abilities, and grow into confident and responsible individuals. I also commend the tireless efforts of our faculty members and organizers for guiding our students and ensuring that every event was conducted with excellence and discipline.

Such collaborative endeavors strengthen the spirit of our institution and enrich the learning environment. I encourage all students to continue engaging in constructive activities, uphold the values of the college, and strive for excellence in every field.

I congratulate everyone for their outstanding efforts and extend my best wishes for continued success in the future.

**Jai Hind**

**Dr. Vibha Thakur**








**TJCM Govt College Sujanpur Tihra, Department of Geography, organised“International Conference on Environment, Sustainable Development and Disaster Management: Pathways to a Greener and Safer Future”11-12 September 2025. More than 500 participants from India and abroad participated in iand gave their valuable suggestions through their research papers.**


T.J.












दिनांक 15 सितंबर 2025 को ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत शब्द संगम उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :–कविता पाठ, नारा लेखन एवं संभाषण प्रतियोगिताओं में छात्रों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक सहायकाचार्य सुरेश कुमार (हिन्दी विभाग)









**NCC NAVAL WING ,NEW ENROLLMENT, BLC , SAILING EXPEDITION SHUTUDRI VANDAN 15-26 SEP2025, New Enrolment 03 October ,BLC CAMP ALL INDIA NAUSAINIK CAMP 01-12 September**




























**On September 10, 2025, the NSS unit of the college organized a cleanliness camp in the college campus. the unit celebrated NSS Foundation Day. On October 2, 2025, a program was organized to commemorate Mahatma Gandhi's birth anniversary. On October 31, National Unity Day was celebrated to commemorate Sardar Vallabhbhai Patel's birth anniversary. Nashamukt Bharat Abhiyan Rally 03 NOV 2025, NATIONAL SERVICE SCHEME TJCM Govr College Sujanpur Tihra (H.P.)**




**CSCA OATH CEREMONEY 08 OCTOBER 2025**

**PRESIDENT SHAGUN,VICE PRESIDENT NITIKA,**

**GENERAL SECRETARY SOUNDRYA, JOINT SECRETARY SNEHA**
















**H.P. University Inter College Cricket (Men) Tournament Pool-D w.e.f 24 -30 October 2025 Opening Chief Guest Hon’ble MLA Sh Ranjeet Singh Rana Ji and Closing Chief Guest Sh Rajinder Verma**







**Participation of the College in various college championships**

**Kabaddi Men 24 to 27 September**
**Kabaddi Women 11 to 13 October**
**Badminton Men 13 to 15 October**
**Judo Women 08 to 09 October**
**Taekwondo Women 06to 07 November**
**Chess Men Women 18 to 20 November**







The visit of prominent social worker Honorable Medha Patkar ji to Government College Sujanpur and her address to the students was a matter of pride for us on 25 November 2025.











**Celebration of Shakuntla Devi's birth Anniversary on 6th November,2025. Unmatched genius widely known as Queen of numbers proved as a source of inspiration to the pupil and scholars. Dr Divya Sharma (Department of Mathematics)**



The Women Redressal Cell organized an informative lecture on women’s rights and personal hygiene on 08 November 2025









**Electoral Literacy Club of Govt College Sujanpur Tihra organized awareness programs to educate and engage young voters under SVEEP on 10 October and 03 November 2025**

















**On 10th November 2025, top-scoring students were honored at Thakur Jagdev Chand Memorial College under the ‘100 Gems of My City’ program.Crack Academy also offered guidance and free study materials for competitive exams like UPSC, HPPSC, and SSC.**









Department of Geography organized various activities to raise awareness among students about environmental issues .Ozone Day 16Sep, Environmental Health Day 26 Sep

Disaster Management Activities 29Sep,27Sep 2025





भूकंप बचाव हेतु प्रवासी श्रमिकों को जागरूक किया







Various activities like Rangoli, Mehandi,lemon race, balloon were organized by  CSCA, including Rangoli, Mehndi, and other fun games on  09 October 2025











Organized creative activities on 16 October 2025 like Rangoli and poster-making to promote an eco-friendly, pollution-free Deepawali and also raised awareness among students about the harmful effects of drug abuse.





**Preparations of different cultural events by Music Department in October 2025**

TJCM Government College, Sujanpur, organized various awareness programmes related Disaster Management on 29 Sep, 13 Nov 2025.







**Oath taken on the occasion of Constitution Day at Government College, Sujanpur 26 Nov 2025**









**TJCM Government College, Sujanpur, the Parent-Teacher Association for session 2025–26 was unanimously formed: President Subhash Thakur, Smt Deepa Sharma Vice President, Smt Anju Thakur Joint Secretary, Smt Manju Devi Treasurer, Smt Pinki Devi Chief Advisor, and Prof. Shashi Sharma Secretary, along with other committee members on 19 September 2025.**




Nandita BA first-year Student has participated in poetry recitation and got 2nd position in Govt College Dehri on 11 November 2025




Anjali BA first-year Student won Bronze medal in inter-college Taekwondo competition in Govt. College Kotsera , 06-08 November






Aashirvaad Group of Study of TJCM Govt. College Sujanpur Tihra engaged approximately 60 students through on line mode for Competative exam preparation from 3rd to 18 September in the memory of late Priyanshi Sood. Cash prize was given on 30th September 2025 to five candidates those who have performed best in during the course and retained knowledge effortlessly . Convener: Prof. Vandna Sood




On 22 November 2025, a poster making competition was organized through the Disabled Welfare Committee of Government College, Sujanpur, in which the students through posters showed the problems of the disabled, the sympathy of the society towards them and the better efforts of the government.




Department of History organised a Quiz Competition on 03 October Gandhi Jayanti.




HPU Youth Festival Group –I
13 -15 October2025
Govt College Nahan




HPU Youth Festival Group –II
04 -07 November 2025
Govt College Sanjauli



HPU Youth Festival Group –III
12 -15 November 2025
Govt College Una

# सुजानपुर कॉलेज के त्रैमासिक ऑनलाइन न्यूजलेटर अर्जिकुजा कासकेड का लोकार्पण



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन, सुजानपुर :** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर के त्रैमासिक ऑनलाइन न्यूज़लेटर अर्जिकुजा कासकेड के प्रथम संस्करण का लोकार्पण प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में है और विद्यार्थियों की उपलब्धियां व विकासात्मक कार्य इस न्यूज़लेटर के माध्यम से प्रस्तुत होंगे। यह पहल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर घंडालवीं, धनेटा शिवनगर, थुरल, सिराज सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। संपादक मंडल में डॉ. जितेंद्र ठाकुर, प्रो. राजीव ठाकुर, डॉ. अरविंद कुमार और डॉ. उमा देवी भी शामिल रहे।

# आपदा प्रबंधन जागरूकता पर निकाली रैली

सुजानपुर। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में सोमवार को भूगोल विभाग ने आपदा प्रबंधन जागरूकता के संदर्भ में महाविद्यालय से सुजानपुर बाजार तक रैली का आयोजन किया। रैली को प्राचार्य डा. विभा ठाकुर ने रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान समय में आपदाओं के बारे में जागरूक होना अति आवश्यक है। भूगोल विभाग अध्यक्ष प्रो. राजीव ठाकुर की अगुवाई महाविद्यालय विद्यार्थियों की रैली नारे लगाते हुए सुजानपुर बाजार में निकली। इस अवसर पर आचार्य डा. सुमन शर्मा, प्रो. वंदना सूद, डा. उमा देवी, प्रो. निर्मला, प्रो. सुरेश, प्रो. उमा शर्मा उपस्थित रहे। प्रो. राजीव ठाकुर ने भूकंप से बचने के उपाय संबंधी पंपलेट बाजार में आम नागरिकों को बांटे। हम लोगों से भूकंप से बचने संबंधी निर्देशों को पढ़ने और समझने के लिए आग्रह किया।

# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एनसीसी एनरोलमेंट संपन्न

पृथ्वी लोक ब्यूरो



सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एनसीसी एनरोलमेंट का आयोजन सैनिक स्कूल ग्राउंड में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम प्रातः 8 बजे आरंभ होकर अपराह्न 5 बजे तक चला, जिसमें कुल 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, अपितु मानसिक दृढ़ता, उचित मार्गदर्शन और व्यावहारिक सोच की भी आवश्यकता है।

इस अवसर पर उप-प्राचार्य प्रो. जितेन्द्र ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। NCC Enrollmant प्रभारिय ए.एन.ओ. प्रो. राजेश कुमार, प्रो. साहिल शर्मा और प्रो. मिठ्ठु, पैटी ऑफिसर देवेश शर्मा, पैटी ऑफिसर विक्रांत, पैटी ऑफिसर धीरज राठौर की निगरानी में हुई एनरोलमेंट की प्रक्रिया के तहत सबसे पहले विद्यार्थियों की दौड़ परीक्षा (रनिंग) आयोजित की गई, जिसके बाद लिखित परीक्षा और अंत में साक्षात्कार (इंटरव्यू) हुआ। पूरी प्रक्रिया में छात्रों ने अनुशासन और लगन का परिचय दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने भी एनसीसी को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। एक छात्र ने कहा कि एनसीसी से हमें आत्मविश्वास और नेतृत्व की शिक्षा मिलती है, जो जीवन भर काम आती है।

ऊंचे पुतले तैयार हो रहे हैं। ... धाम में पुतलों को बनाने का काम शुरू हो चुका है। बाहर से आए ... नवरात्र के ... सितंबर को दशहरा उत्सव की ... समतानी से शुरू होगी, ...

# देश-विदेश के अध्यापकों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र



सुजानपुर महाविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन पर मौजूद शिक्षाविद्। स्रोत: संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

## सुजानपुर महाविद्यालय में हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**सुजानपुर(हमीरपुर)।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में पर्यावरण सतत विकास और आपदा प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में नादौन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल गौतम बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित हुए।

उन्होंने महाविद्यालय को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक जागरूकता वाले कार्यक्रमों को करने का आह्वान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी में देश और विदेश से 500 अध्यापकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

इसके उपरांत इस सम्मेलन के संयोजक प्रो. राजीव ठाकुर ने सम्मेलन का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। तदोपरांत प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए विभिन्न विषयों के आचार्यों के लिए पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल ने सम्मेलन में ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रदेश, देश और विदेश से जुड़े हुए समस्त प्रतिभागियों का इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन पौधरोपण के साथ हुआ।

# धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस

सिटी रिपोर्टर - सुजानपुर

सुजानपुर टिहरा कालेज में भूगोल विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की प्राचार्या डा. विभा ठाकुर ने की। प्राचार्य ने छात्रों के बीच पर्यावरण संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण के कारण ही हम सबका अस्तित्व पृथ्वी पर है। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजीव ठाकुर ने पर्यावरण के प्रमुख तत्व वायु, जल और पृथ्वी की गुणवत्ता को स्थाई रखने के लिए विद्यार्थियों के साथ विचार सांझा किया। प्रो. शशि शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बताते हुए इसके प्रति कर्तव्यों की जिम्मेदारी को व्यवहार में लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के आचार्य प्रो. सुरेश तथा कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# सुजानपुर कॉलेज में गांधी जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 3 अक्तूबर : राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में इतिहास विभाग और एनएसएस इकाई के संयुक्त प्रयास से गांधी जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या ने कहा कि केवल आयोजन करना पर्याप्त नहीं, बल्कि गांधी के सिद्धांतों को जीवन में उतारने से ही हम आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में संभाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। संभाषण प्रतियोगिता में प्रिंस (कला संकाय) ने प्रथम, मोहित (विज्ञान संकाय) द्वितीय और संजना (कला संकाय) तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में कला संकाय की टीम प्रथम, एनएसएस टीम द्वितीय और विज्ञान संकाय की टीम तृतीय रही। कार्यक्रम का समापन डॉ. सुमन शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रो. प्रमोज, डॉ. सपना, डॉ. राजीव भंडारी, प्रो. राजीव ठाकुर सहित लगभग 100 छात्र उपस्थित रहे।

C M Y K

# सुजानपुर महाविद्यालय में मॉकड्रिल



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन**

सुजानपुर, 27 सितंबर : राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में शनिवार को भूगोल विभाग ने आपदा प्रबंधन जागरूकता के संदर्भ में महाविद्यालय में अग्नि संबंधी आपदाओं से बचाव हेतु एक प्रशिक्षण कार्यशाला मॉकड्रिल का आयोजन किया। प्रो. राजीव ठाकुर ने आग लगने के विभिन्न कारण और उससे सामना करने के विभिन्न तरीके बच्चों के साथ सांझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि महाविद्यालय में सीखी हुई प्रत्येक गतिविधि को आप अपने परिवार और समाज के साथ साझा करें ताकि इस तरह की आपदाओं का हम बहादुरी और निपुणता के साथ सामना कर सकें। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर विभा ठाकुर ने जागरूकता अभियानों में विद्यार्थियों के बढ़- चढ़ कर भाग लेने की प्रशंसा की। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य डॉ. प्रमोज शर्मा, डॉ. अरविंद पुरी सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सुजानपुर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व

## स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

जानपुर, 11 अक्तूबर (अश्वनी): राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत एक विशेष युवा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के युवाओं को मतदान के अधिकार उसकी प्रक्रिया तथा लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या डा. विभा ठाकुर के भाषण से हुई। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. राजीव ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता होते हैं।

युवा देश का भविष्य हैं और उनका एक-एक वोट देश की दिशा तय करता है। सभी विद्यार्थियों से मतपत्र बनवाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में प्रो. कमल चौधरी, डा. सुमन शर्मा, डा. दिव्या शर्मा, प्रो. वंदना सूद, डा. उमा देवी, प्रो. निर्मला और प्रो. उमा शर्मा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



*सुजानपुर : स्वीप कार्यक्रम के जागरूकता अभियान के दौरान महाविद्यालय सुजानपुर के विद्यार्थी प्राचार्य एवं स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्वनी)*

# पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें छात्र : डॉ. विभा ठाकुर



## सुजानपुर कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस का आयोजन

**सवेरा न्यूज/गौरव जैन**

सुजानपुर, 16 सितंबर : ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में भूगोल विभाग ने विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को ओजोन दिवस के महत्व के बारे में बताया और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजीव ठाकुर ने ओजोन परत के क्षरण के कारणों और सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों की जानकारी विद्यार्थियों से सांझा की। प्रो. निर्मला ने ओजोन दिवस के इतिहास और पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. उमा देवी ने सबका धन्यवाद किया और पर्यावरण के साथ मिलजुल कर ही विकास योजनाओं को बढ़ाने का सुझाव दिया।

# 500 शिक्षकों ने अपने शोध पत्र किए प्रस्तुत

## सुजानपुर टीहरा कालेज में सजा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, सरस्वती वंदना की प्रस्तुत



**महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करवाया गया**

---

## राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में एचसीएल टेक द्वारा करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

सुजानपुर टिहरा, बिंदिया ठाकुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में आज एचसीएल टेक (HCL Tech) के अर्ली करियर प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की।

इस अवसर पर करियर काउंसलिंग समन्वयक डॉ. सपना राणा, प्रोफेसर राजेश खरवाल, डॉ. अरविंद कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

एचसीएल टेक की ओर से आए श्री अजय नरयाल ने विद्यार्थियों को बताया कि यह एक फुल जॉब और हाइब्रिड प्रोग्राम है, जिसमें विद्यार्थियों की शिक्षा, कौशल विकास तथा पर्सनालिटी ग्रूमिंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि वे रोजगार के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो सकें।

वर्कशॉप में लगभग 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने एचसीएल टेक टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

## सुजानपुर कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम

**सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में नशा मुक्ति अभियान ईको क्लब, रोवर्स एवं रेंजर्स, रेड रिबन क्लब और भूगोल विभाग के माध्यम से स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, दीपक सजावट प्रतियोगिता, पर्यावरण अनुकूल दिवाली आधारित रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। यह सारे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता हेतु करवाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने कि। विभिन्न प्रतियोगिताओं में नशामुक्ति अभियान स्लोगन लेखन में प्रियंका प्रथम, काजल द्वितीय और सिमरन तीसरे स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में स्वीटी पलक और कनिका की रंगोली प्रथम रही। प्रदूषण मुक्त दिवाली पोस्टर में उर्वशी प्रथम इप्शिता द्वितीय सौंदर्या तृतीय स्थान पर रहीं। दीप सजावट प्रतियोगिता में पलक प्रथम रितु द्वितीय और वर्तिका तीसरे स्थान पर रहीं।

---

## कार्यशाला में आग से निपटने के तरीके बताए

सुजानपुर (हमीरपुर)। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में भूगोल विभाग ने अग्नि संबंधी आपदाओं से बचाव के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला लगाई। प्रोफेसर राजीव ठाकुर ने आग लगने के विभिन्न कारण और उससे निपटने के तरीके विद्यार्थियों से साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि महाविद्यालय में सीखी प्रत्येक गतिविधि को समाज के साथ साझा करें। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने जागरूकता अभियानों में विद्यार्थियों के बढ़-चढ़ कर भाग लेने की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. अरविंद पुरी सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संवाद



राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में आग से निपटने के तरीके जानते विद्यार्थी। स्रोत : संस्थान

---

## छात्रों ने रैली निकाल लोगों को आपदा प्रबंधन बारे किया जागरूक



सुजानपुर : आपदा प्रबंधन जागरूकता रैली के माध्यम से महाविद्यालय सुजानपुर के विद्यार्थी लोगों को जागरूक करते हुए। (अश्वनी)

सुजानपुर, 29 सितम्बर (अश्वनी) : राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर के भूगोल विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सोमवार को आपदा प्रबंधन पर सुजानपुर शहर के मुख्य बाजार में जागरूकता रैली निकाली जिसे प्राचार्य डा. विभा ठाकुर ने रवाना किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में आपदाओं के बारे में जागरूक होना अति आवश्यक है।

भूगोल विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर राजीव ठाकुर की अगुवाई में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी जागरूकता रैली के माध्यम से नारे लगाते हुए मुख्य बाजार से गुजरे। इस अवसर पर आचार्य डा. सुमन शर्मा, प्रो. वंदना सूद, डा. उमा देवी, प्रो. निर्मला, प्रो. सुरेश व प्रो उमा शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान प्रो राजीव ठाकुर ने भूकंप से बचने के उपाय संबंधी पिम्फलेट बाजार में बांटे। उन्होंने लोगों से भूकंप से बचने संबंधी निर्देशों को पढ़ने और समझने के लिए आग्रह किया।

## पर्यावरण संबंधी दी जानकारी

सुजानपुर, 26 सितम्बर (अस्वनी): राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में भूगोल विभाग के सौजन्य से शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विभा ठाकुर ने की।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण के कारण ही हम सब का अस्तित्व पृथ्वी पर है, हम सभी का यह परम कर्त्तव्य है कि हमें पर्यावरण संबंधित शुद्धता जागरूकता एवं समर्पण भावना के साथ इसे स्वच्छ रखना चाहिए।

विभाग के अध्यक्ष प्रोफैसर राजीव ठाकुर ने पर्यावरण के प्रमुख तत्व वायु, जल और पृथ्वी की गुणवत्ता को स्थाई रखने के लिए विद्यार्थियों के साथ विचार सांझा किए। थुरल महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रोफैसर कमल चौधरी ने विकासात्मक गतिविधियों और उनके पर्यावरण पर विपरीत प्रभावों के बारे विस्तृत तौर से जानकारी दी।

गए और मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपनी धर्मपत्नी के पक्ष में अधिक से अधिक वोट जुटाने के लिए सरकारी खजाने को खुलेआम लूटा। यह न केवल भ्रष्टाचार है, बल्कि लोकतंत्र की हत्या के समान है। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्ष ने विधानसभा के भीतर और बाहर इस मुद्दे को कई बार उठाया, लेकिन सुक्खू सरकार ने बेशर्मी से चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि न तो सरकार इसे भ्रष्टाचार या तो सुरक्षा देने में नाकाम रही या फिर वन माफिया को संरक्षण दे रही है। राजेंद्र राणा ने पावर कॉर्पोरेशन में अरबों का घोटाला दबाने का भी सरकार पर आरोप लगाया और कहा कि पावर कॉर्पोरेशन में करोड़ों रुपए के घोटाले खुलेआम चल रहे हैं। जब एक ईमानदार अधिकारी ने इसका पर्दाफाश करना चाहा, तो उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।



सुजानपुर: महाविद्यालय सुजानपुर के विद्यार्थी प्राचार्य के साथ सामूहिक चित्र में। (अस्वनी)

## विधायक कै. रंजीत सिंह ने किया अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 25 अक्तूबर : राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट (ग्रुप-डी) का शुभारंभ विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलने वाला ही सच्चा खिलाड़ी होता है। टूर्नामेंट में बड़सर, नादौन, हमीरपुर, बिलासपुर, बैजनाथ, पालमपुर, राजपुर सहित 10 महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विवाह ठाकुर, उप-प्राचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर व प्रो. संदीप शर्मा सहित स्टाफ ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने खिलाड़ियों से भेंट कर मैदान में चौके-छक्के लगाकर उत्साह बढ़ाया और खेल भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



सुजानपुर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि और अन्य। स्रोत: संस्थान

## भाषण प्रतियोगिता में विशाल ने बाजी मारी

सुजानपुर (हमीरपुर)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में हिंदी पखवाड़े के अवसर पर शब्द संगम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा हृदय की भाषा है। हम सभी को हृदय से बोलना चाहिए। हमें मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में भाषण, कविता वाचन और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता ने विशाल प्रथम, कविता वाचन प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम और नारा लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में रिया प्रथम स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिंदी विभाग के सहायक आचार्य सुरेश कुमार, डॉ. जितेंद्र भनवाल, डॉ. सुमन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। संवाद

## राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में अंतर-महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने किया उद्घाटन



बात हिमाचल की, सुजानपुर बिंदिया ठाकुर। राजकीय उत्कृष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 अक्तूबर 2025 को हर्षोल्लास से हुआ। शुभारंभ के इस अवसर पर सुजानपुर विधानसभा के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि महोदय ने सरस्वती मां की समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा ठाकुर जी ने मुख्य अतिथि महोदय एवं अन्य गणमान्यों का इस कार्यक्रम में आने हेतु स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने भाषण में हिमाचल के विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए समस्त छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ छात्रों को खेलों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। खेलों के माध्यम से हम शारीरिक रूप से तो विकसित होते हैं परंतु सामाजिक और मानसिक दृष्टि से भी हम निरंतर उन्नति को प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि जो छात्र खेलों में रुचि रखते हैं वे कभी बुरी संगत में नहीं पड़ते और ना ही किसी नशे की ओर उन्मुख होते हैं, अतः सभी छात्रों को इस प्रकार के प्रतिस्पर्धात्मक क्रियाओं में भाग लेना चाहिए जिससे हमारे समाज का उत्कृष्ट विकास हो सके। साथ में मुख्य अतिथि महोदय ने संपूर्ण महाविद्यालय परिवार को इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इसके ऊपर मुख्य अतिथि महोदय ने क्रिकेट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के साथ परिचय किया और इस प्रतियोगिता में जीत हासिल करने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बड़सर, नादौन, हमीरपुर, राजराजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय, बिलासपुर, इवनिंग कॉलेज, जुखाला, घुमारवीं, बैजनाथ, पालमपुर, व राजपुर कॉलेज की 11 टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में पहला मैच राजकीय महाविद्यालय नादौन और राजकीय महाविद्यालय बड़सर के बीच हुआ जिसमें राजकीय महाविद्यालय नादौन की टीम विजय रही। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार भनवाल, डॉ सुमन, शारीरिक विभाग के आचार्य प्रो संदीप शर्मा तथा इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो अरविंद कुमार, डॉ दिव्या, डॉ राजीव भंडारी, प्रो वन्दना, प्रो राजेश खरवाल, प्रो शशि शर्मा, प्रो अरविंद

## सुभाष ठाकुर बने अभिभावक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष



सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानपुर के परिसर में अभिभावक-शिक्षक संघ सभा का आयोजन एवं गठन किया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर अभिभावक-शिक्षक संघ की नव कार्यकारिणी सत्र 2025-26 का गठन सर्वसम्मति से किया गया। अभिभावक-शिक्षक संघ कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ, सुभाष ठाकुर को अध्यक्ष, दीपा शर्मा उपाध्यक्ष, अंजू ठाकुर सह सचिव, मंजू देवी कोषाध्यक्ष, पिंकी देवी मुख्य सलाहकार व प्रो. शशि शर्मा को सचिव पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। इस कार्यकारिणी में अशोक कुमार, संतोष कुमारी, कालपति, अनूप कुमार, महाविद्यालय के उपप्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार भनवाल, डा. सुमन शर्मा, प्रो. प्रमोज शर्मा, डा. सपन राणा को कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर चुना गया।

# महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में बीए की छात्रा अंजलि का भव्य स्वागत



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर,13 नवंबर : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि का भव्य स्वागत किया गया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय ताईकोमांडो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान ग्रहण कर कांस्य पदक प्राप्त किया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है। उन्होंने छात्रा के परिजनों को इस अवसर पर बधाई देते हुए अंजलि के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अंजलि ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अभिभावकों और अध्यापकों को दिया है। इस अवसर पर शारीरिक विभाग के आचार्य प्रो. संदीप शर्मा, लेफ्टिनेंट कैप्टन राजेश खरवाल, डॉ. अरविंद एवं प्रो. शशि शर्मा उपस्थित रहे।

# सुजानपुर कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन, सुजानपुर :** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय उत्कृष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानपुर में सत्र 2025-26 की नवगठित केंद्रीय छात्र परिषद (सीएससीए) के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की, जिन्होंने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्राचार्या डॉ. ठाकुर ने अध्यक्ष शगुन (एमए अंग्रेजी), उपाध्यक्ष नितिका (बीबीए), सचिव सौन्दर्या (बीएससी) एवं सह सचिव स्नेहा (बीसीए) को शपथ दिलाते हुए कहा कि छात्र परिषद महाविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग करे और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने में सक्रि य भूमिका निभाए। उप प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल ने कक्षा प्रतिनिधियों कार्तिक शर्मा, स्नेहा एवं खुशी को शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त ऋषि शर्मा, तराना, अक्षय, रु चिका, अखिल धीमान, सोनिया, दीपक ठाकुर, शैलजा, सजल, अनमोल शर्मा, गरिमा, मनिका ठाकुर, शौर्य जैन, युक्ति, काजल, नंदिता भारती, निताशा भारद्वाज, आंचल, मोनिका, कोमल, रंजू कुमारी, रितिका, प्रियंका ठाकुर, प्राची शुक्ला तथा अंश सरयाल सहित सभी मनोनीत सदस्यों को विभागीय आचार्यों ने शपथ दिलाई। कार्यक्र म के समापन पर डॉ. भनवाल ने सभी उपस्थित अध्यापकों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. सुमन शर्मा, डॉ. प्रमोज शर्मा, डॉ. सपना राणा, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. राजेश खरवाल, डॉ. राजीव भंडारी, डॉ. राजीव ठाकुर, डॉ. वंदना, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. शशि शर्मा, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. निर्मला, प्रो. संदीप शर्मा, प्रो. मतुल, प्रो. साहिल, प्रो. रूबी, प्रो. अंजू एवं प्रो. आरती सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# सुजानपुर कॉलेज में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह



**सवेरा न्यूज, गौरव जैन, सुजानपुर :** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। इस कार्यक्र म की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की। प्राचार्या ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर छात्रों एवं प्राध्यापकों से संविधान के प्रति समर्पित रहने हेतु शपथ दिलवाई और संवैधानिक मूल्यों के प्रति छात्रों को जागरूक किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निर्मला ने भारतीय संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को छात्रों के समक्ष रखा।

# सुजानपुर कॉलेज में मेधा पाटेकर ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन, सुजानपुर :** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में समाज सुधारक एवं नर्मदा बचाओ आंदोलन की संस्थापक मेधा पाटेकर का आगमन हुआ। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने उनका स्वागत एवं धन्यवाद प्रेषित किया। अपने संबोधन में मेधा पाटेकर ने कहा कि भारत ही नहीं, संपूर्ण विश्व को प्रकृति संरक्षण पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने भारत, यूरोप तथा विश्व के अन्य देशों में तेजी से बदलती भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए प्राकृतिक बदलावों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, हिमाचल सहित पहाड़ी राज्यों में वन कटाव और अनियंत्रित औद्योगीकरण बढ़ने से प्राकृतिक त्रासदियों में निरंतर वृद्धि हो रही है। पाटेकर ने छात्रों को पृथ्वी, जल और वायु जैसे अमूल्य संसाधनों के संरक्षण हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में पर्यावरण संरक्षण की चेतना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने महिला उत्पीड़न, लिंग भेद और जाति भेद जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को इनके प्रति संवेदनशील होने की प्रेरणा दी। कार्यक्र म में उप प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल, कार्यशाला आयोजक प्रो. राजीव ठाकुर, डॉ. प्रमोज शर्मा सहित समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

# दिव्यांग कल्याण जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**सवेरा न्यूज/ गौरव जैन**

सुजानपुर, 22 नवंबर : राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर की दिव्यांग कल्याण समिति के माध्यम से एक पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से दिव्यांगों की समस्याएं, उनके प्रति समाज की सहानुभूति और सरकार के बेहतर प्रयासों को दर्शाया। कार्यक्र म में कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर जितेंद्र बनवाल, यूनिट की समन्वयक प्रोफेसर वंदना सूद, डॉ. दिव्या शर्मा, प्रोफेसर राजीव कुमार, प्रोफेसर निर्मला उपस्थित रहे।



कार्यक्र म में 50 के लगभग विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर कला प्रथम वर्ष की छात्रा नंदिता, द्वितीय स्थान पर नीलाक्षी और तृतीय स्थान पर आदित्य रहा। डॉ. जितेंद्र बनवाल ने विद्यार्थियों से दिव्यांग लोगों के लिए सहानुभूति और हमेशा सहायता करने का आवाहन किया। यूनिट की समन्वयक प्रोफेसर वंदना सूद ने दिव्यांग विद्यार्थियों और समाज में दिव्यांग लोगों के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।



**Dr. Vibha Thakur**
**Principal**
**cum Chief Editor**

# EDITORIAL BOARD



**Dr. Jitender Thakur**
**Advisor Editorial Board**



**Prof. Rajeev Thakur**
**Editor Arjikuja Cascade**



**Dr. Arvind Kumar**
**Member Editorial Board**



**Dr. Uma Devi**
**Member Editorial Board**